दिनांक 25 अगस्त 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई के उद्यान होंगे गुलजार, उद्यानों के रखरखाव के लिए निविदा जारी, बारिश के कारण उग आई अनावश्यक झाड़ियों सहित पूरे उद्यानों की हो रही है सफाई

भिलाई नगर/ कोरोना काल के दौरान ज्यादा आवाजाही वाले उद्यानों को बंद करने का फैसला लिया गया था! परंतु कोरोना संक्रमण की कमी के चलते उद्यानों को पुन: निर्धारित समय के साथ खुलने के अनुमति दी गई है! कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उद्यानों को फिर से व्यवस्थित किया जा रहा है! अब भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत उद्यान फिर से गुलजार होंगे जहां बच्चे , युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोग उद्यान में आनंद ले पाएंगे! निगम ने उद्यानों के रखरखाव के लिए निविदा जारी कर दिया है, निविदा की विभागीय प्रक्रिया जारी रहने तक इस दौरान में उद्यानों की सफाई अभियान चलाकर उद्यान विभाग द्वारा की जा रही है! बारिश की वजह से उद्यानों में अनावश्यक झाड़ियां उग आई है, घास भी बड़े हो गए हैं, ऐसे में उद्यान विभाग द्वारा गार्डन की संपूर्ण सफाई की जा रही है! पाथवे की सफाई , झाड़ियों की कटाई, बड़े वृक्ष के फैले हुए शाखाओं की छटाई , घास की कटाई, हेज की कटाई विभागीय तौर पर हो रही है , इसके लिए झाड़ी एवं घास कटाई मशीन भी क्रय की जा रही है , निगम क्षेत्र के अंतर्गत कई गार्डन की सफाई की जा चुकी है! वहीं अब इनके निरंतर देखरेख के लिए तथा विकसित 72 उद्यानों के रखरखाव, उद्यानों में सफाई, झाड़ियों की कटाई, घास की कटाई, पाथवे सफाई एवं पौधों में सिंचाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निविदा जारी किया गया है! निगम के कुछ गार्डन को सामाजिक संस्थाओं ने रखरखाव के लिए लिया है जिसका मेंटेनेंस सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है! इसके अतिरिक्त अब तक उद्यानों का रखरखाव एवं संधारण कार्य जोन कार्यालय स्तर पर किया जाता रहा है!